53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 12.4°c | अधिकतम 26.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:49, सूर्यास्त - 6:15 | वर्ष : 53/ अंक : 55 | मंगलवार, 25 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

भलाई करते रहिए बहते पानी की तरह, बुराई खुद ही खुद किनारे लग जाएगी, कचरे की तरह।

जो पशुओं का चारा खा सकते हैं, वे कभी हालात को नहीं बदल सकते : मोदी

नाक लेकर वो बोलते रहते..... शर्म उनको मगर नहीं आती.....

हठधर्मी और घोर लापरवाही : बोर्ड परीक्षा में छात्राओं को दे दिया सामान्य हिन्दी की जगह साहित्यिक हिन्दी का प्रश्नपत्र

इन्होंने कहा-

"जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास ने बताया कि सोमवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान खतौली कस्बे के जीटी रोड पर स्थित कबूल कन्या इंटर कॉलेज में एक परीक्षा कक्ष में हिन्दी की परीक्षा के दौरान यहां 14 अभ्यर्थियों में से 7 परीक्षार्थियों को सामान्य हिंदी के बजाए साहित्य हिन्दी एवं साहित्य हिन्दी की छात्राओं को सामान्य हिन्दी का प्रश्न पत्र दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी मिलने पर वे स्वयं परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे और वस्तु स्थिति को जाना। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने पहुंची परीक्षार्थियों को गलत रूप से प्रश्न पत्र दिए जाने का उक्त मामला वास्तव में गंभीर है, इसकी जांच की जा रही है। वहीं मामले से माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड को अवगत करा दिया गया है। वहां से निर्देश मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।"

14 छात्राओं का भविष्य अधर में लटका

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। यूपी बोर्ड माध्यमिक परीक्षाओं के प्रथम दिन खतौली के जीटी रोड स्थित कबूल कन्या इण्टर कॉलेज से बाहर निकलते ही छात्राएं फूट-फूटकर रोने लगीं। ऐसा होता देख परिजन, मीडिया के कुछ लोग वहीं रुक गए और मामले की जानकारी हासिल की। जानकारी में बोर्ड परीक्षा देकर बाहर आई छात्राओं ने खुलकर अध्यापिकाओं की हठधर्मिता की बात मीडिया के कैमरे के सामने बताई और उन्होंने बताया कि आज उनकी सामान्य हिन्दी की परीक्षा थी। जब उन्हें प्रश्नपत्र दिया गया तो उनका प्रश्नपत्र साहित्यिक हिन्दी का प्रश्नपत्र था। इस पर छात्राओं ने अध्यापिकाओं को बताया कि उनके द्वारा गलत प्रश्नपत्र दे दिया गया है तो छात्राओं की बात सुनने के बजाए अध्यापिकाओं ने छात्राओं को डांटते हुए कहा कि जो प्रश्नपत्र आया है, वही दिया गया है और इसी को हल करना होगा। ऐसे में साहित्यिक हिन्दी का प्रश्नपत्र देकर ही छात्राएं स्कूल से बाहर आईं और अपनी व्यथा पूरी तरह से मीडिया को बताई। मीडिया को अपनी व्यथा बताते-बताते छात्राएं रोने लगी, जिसकी सूचना तुरन्त जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास को दी गयी। छात्राओं की शिकायत पर जिला विद्यालय निरीक्षक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्वयं छात्राओं से बात की। छात्राओं ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने एसडीएम खतौली को इस दौरान फोन भी किया मगर उनका फोन किसी कारण रिसीव नहीं हो पाया और उक्त मामला परीक्षा केन्द्र के एक कमरे का बताया जाता है जहां 14 छात्राओं के साथ उक्त प्रश्नपत्र बदलने का घटनाक्रम घटित हुआ है। ऐसे में छात्राओं और उनके अभिभावकों का कहना है कि अध्यापिकाओं की लापरवाही से उनकी बच्चियों का भविष्य अधर में लटक गया है। इस मामले को लेकर अध्यापिकाओं पर सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। अब देखना यह होगा कि उक्त अध्यापिकाओं पर किस तरह की कार्यवाही की जाती है।

शाहपुर में तालाब किनारे घूम रहे 22 वर्षीय युवक की डूबने से मौत

पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव निकाला, परिजनों ने कार्यवाही कराने से किया इंकार

शाहपुर, 24 फरवरी (बु.)। गांव पलड़ा में तालाब किनारे घूम रहे एक मानसिक रूप से अस्वस्थ 22 वर्षीय युवक का पैर फिसल जाने से तालाब में डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक के शव को बाहर निकलवाया। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

गांव बसीकलां निवासी 22 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ शौकीन पुत्र मुश्ताक सोमवार को गांव पलड़ा में अपने ताऊ जहूर के यहां गया था। बताया गया कि परिजनों से मिलने के बाद युवक गांव में स्थित तालाब पर पहुंचा और तालाब के किनारे घूमने लगा। इसी दौरान युवक का पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गया। तालाब के पास खेल रहे बच्चों ने पानी में छटपटा रहे युवक को देखकर शोर मचाया। बच्चों का शोर सुनकर ग्रामीण जब तक तालाब के पास पहुंचे, तब तक युवक गहरे पानी में समा चुका था। युवक के पानी में डूबने की सूचना पर काफी ग्रामीणों सहित गांव बसीकलां, पलड़ी, उमरपुर आदि गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को तालाब के पास से हटाया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से डूबे युवक को तालाब के किनारे तलाश किया किंतु सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस ने बागपत जनपद से गोताखोरों की टीम को बुलाया। गोताखोर इरफान व उसके साथियों ने गहरे पानी से युवक के शव को बाहर निकाल कर पुलिस को सौंप दिया। युवक की तालाब में डूबकर मौत हो जाने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। बाद में मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सौंप दिया।

बोर्ड परीक्षा देकर वापस लौट रहे दो छात्र आए चाइनीज मांझे की चपेट में

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। सोमवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद की पहली परीक्षा समाप्त होने के बाद उस समय बारहवीं के दो छात्र चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए, जोकि इस्लामिया इण्टर कॉलेज, आर्य समाज रोड के छात्र बताए गए हैं और इनका सैंटर जैन कन्या इण्टर कॉलेज, मेरठ रोड पर लगा था। परीक्षा खत्म होने के बाद जब ये अपने घर सुजडू की ओर लौट रहे थे तो नुमाइश कैम्प के बाहर कूड़ा डलावघर के निकट अचानक ही दोनों छात्र शाहनूर पुत्र शहरयाब व उसका एक साथी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया और दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि जो युवक मोटर साइकिल चला रहा था उसका मामूली रूप से कान कटा जबकि शाहनूर की गर्दन एवं बाएं हाथ की अंगुली में मांझा लिपट गया, जिससे वह गंभीर घायल गया। घायल को तुरन्त आर्य समाज रोड स्थित एक डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने हाथोंहाथ उसे उपचार दिया। बताया जाता है कि घायल छात्र को 15-16 टांके आए हैं। बड़ी बात यह है कि आए दिन चाइनीज मांझे पर आ रही खबरों के बाद भी पुलिस प्रशासन बस एकाध बार ही इस पर छापामारी कर अपने कार्य की इतिश्री कर देता है। और इन चाइनीज मांझे से पहले सिर्फ पक्षी ही घायल हुआ करते थे मगर अब यह इंसानों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है।

बझेड़ी में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के बझेड़ी में सोमवार को 28 वर्षीय युवक रवि का शव अपने मकान के ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस को इसकी सूचना दी गयी तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया। बताया गया है कि उक्त युवक कल ही अपनी पत्नी को उसके मायके से लेकर आया था और युवक सरिया बंधाई का काम करता है। घटना के समय घर में उसका छोटा भाई मौजूद था, जो घर के बाहर बैठा हुआ था, जबकि उसकी मां घर पर नहीं थी। मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच की गयी। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। इस मामले में परिजनों के बयान लिये जा रहे हैं।

पेपर मिल ठेकेदार पर महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र में भोपा रोड स्थित एक पेपर मिल में काम करने वाली महिला ने ठेकेदार पर दुष्कर्म का आरोप लगाया और थाने पर इसकी तहरीर दी। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और मामला कई दिन पुराना बताया जाता है। महिला के अनुसार 6 फरवरी की शाम पेपर मिल के लेबर ठेकेदार ने उसे काम के बहाने से पेपर मिल में ही रोक लिया, जिसके बाद आरोप है कि उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। दुष्कर्म के बाद आरोपी ने मुंह खोलने पर उसे जान से मारने की धमकी दी, जिस कारण वह डर गयी मगर आज वह हौसला करके अपनी गुहार लगाते हुए पुलिस से न्याय मांगने पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

लगातार बढ़ रही गुण्डागर्दी, ट्रैक्टर की जरा सी साइड क्या लगी, उतार दिया मौत के घाट

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। कौन कहता है कि मुजफ्फरनगर में पुलिस का खौफ है। यहां किसी को कोई खौफ नहीं है और एक बार फिर आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रह हैं। लोगों को लूला-लंगड़ा करके पुलिस दिखा जरूर रही है कि उन्हें अपराध कम करने की बहुत चिंता है, मगर धरातल पर ऐसा कुछ नहीं दिखाई दे रहा। सोमवार को चरथावल थाना क्षेत्र में ऐसी ही एक घटना घटित हुई जहां किसी को पुलिस का खौफ दिखाई नहीं दिया। दरअसल जनपद शामली के ग्राम बूटा थाना गढ़ीपुख्ता का रहने वाला 23 वर्षीय मुनीर पुत्र हसरत अपने तीन साथियों के साथ मुजफ्फरनगर से भूसा बेचकर वापस लौट रहा था। जैसे ही मुनीर अपना ट्रैक्टर चलाते हुए नंगला बिरालसी के पास पहुंचा तो पीछे से एक ट्रैक्टर उससे आगे निकलने की होड़ में दिखाई दिया, जिससे दोनों में कहासुनी हो गयी। कहासुनी के बाद चरथावल के नंगला राई निवासी युवकों ने आगे देख लेने की धमकी देते हुए चले गए। ट्रैक्टर चालकों को लगा कि ऐसे तो लड़ाई के समय कोई कुछ भी कहकर चला जाता है, मगर हैरत तो तब हुई जब आरोपी युवकों ने आगे जाकर ट्रैक्टर को घेर लिया और अचानक लोहे के सरियों से मुनीर पर हमला कर दिया। परिजनों की मानें तो हमलावरों ने पहले ताबड़तोड़ वार किये और फिर सरिया मृतक के सिर में घुसा दिया। हालांकि परिजनों का कहना है कि मुनीर की मौके पर ही मौत हो गयी थी फिर भी पुलिस ने बात को संभालने के लिए उसे सीएचसी थानाभवन भेजा, जहां से उसे हायर सैंटर के लिए रैफर कर दिया। मगर तब तक मुनीर की मौत हो चुकी थी। समाचार लिखे जाने तक सैंकड़ों लोगों की भीड़ थाने में जुटी हुई थी और जबरदस्त हंगामा प्रदर्शन चल रहा था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिसबल तैनात कराया।

महाकुंभ में गिद्धों को लाश और सूअरों को गन्दगी नजर आती है: योगी

लखनऊ, 24 फरवरी (एजेंसी)। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को लेकर टिप्पणी करने पर विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने महाकुंभ में अव्यवस्था और भगदड़ के मुद्दे पर जवाब देते हुए कहा कि समाजवादियों और वामपंथियों को सनातन की सुंदरता रास नहीं आ रही है। उन्होंने एक सोशल मीडिया टिप्पणी के माध्यम से विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसे वो मिला। गिद्धों को केवल लाश मिली। सुअरों को गंदगी मिली। संवेदनशील लोगों को रिश्तों की खूबसूरत तस्वीर मिली। आस्थावानों को पुण्य मिला। गरीबों को रोजगार मिला। अमीरों को धंधा मिला। श्रद्धालुओं को साफसुथरी व्यवस्था मिली। पर्यटकों को अव्यवस्था मिली। सद्भावना वाले लोगों को जातिरहित व्यवस्था मिली। एक ही स्थान पर सभी जाति के लोगों ने स्नान किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर किए जाने वाले प्रश्न समाजवादियों और वामपंथियों की नीयत को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की व्यवस्थाओं को मैंने खुद देखा है। सपा सरकार में हुए कुंभ में एक गैर सनातनी को कुंभ का प्रभारी बना दिया गया था क्योंकि तब के मुख्यमंत्री के पास इसके लिए समय नहीं था। मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा नेताओं के व्यवहार को लेकर भी विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि ये लोग संविधान की बात करते हैं। लोकतंत्र की बात करते हैं और महापुरुषों के सम्मान की बात करते हैं लेकिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा के लोगों का जो आचरण था वो बताता है कि वो संविधान के बारे में क्या सोचते हैं।



शादी समारोह से लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। सोमवार को खतौली में एक शादी समारोह गाजियाबाद के सरायनगर से नकुल कश्यप और मनप्रीत अपने अन्य दो दोस्तों हिमांश व रोहित के साथ आए हुए थे। शादी समारोह सम्पन्न करके जब वह वापस लौटे तो मेरठ के चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर कपसाढ़ गांव के निकट उनकी कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी और चारों युवक उक्त गाड़ी में ही फंस गए, जिसमें नकुल व मनप्रीत की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि हिमांश व रोहित गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया। माना जा रहा है कि या तो गाड़ी



चला रहे युवक को झपकी आई है या यह मामला शराब से भी सम्बंधित हो सकता है।

कई किसानों के ट्यूबवैल पर चोरों ने किये हाथ साफ

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा आस्सा में चोरों ने बीती रात जमकर आतंक मचाया और एक नहीं लगभग आधा दर्जन ट्यूबवैलों से मोटर चोरी कर ले गए। चोरों द्वारा कॉपर के मोटर्स को निशाना बनाकर उन्हें उतारा गया इसी के साथ साथ स्टार्टर और बिजली के तार भी चोरी करके फरार हो गए। बड़ी बात यह रही कि चोरों ने एल्यूमीनियम के तारों को हाथ तक नहीं लगाया, जिससे यह बात साफ हो गयी कि चोर पहले से ही यह काम करते आ रहे हैं या किसी मोटर की दुकान पर काम करके उन्होंने यह जानकारी हासिल पहले से ही कर ली थी कि कौन सी मोटर में कॉपर और कौन सी मोटर में एल्यूमीनियम के तार होते हैं। क्षेत्र में चोरों ने पूर्व ग्राम प्रधान बिन्नू उर्फ बिनेश त्यागी, राजू त्यागी, अरविन्द पाल, चंदा चौधरी समेत कई किसानों की ट्यूबवैलों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

बोर्ड की परीक्षा के पहले दिन चौदह फर्जी परीक्षार्थी पकड़े

लखनऊ, 24 फरवरी (एजेंसी)। यूपी बोर्ड परीक्षा सोमवार से कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुई। प्रयागराज को छोड़कर पहले दिन पूरे प्रदेश में परीक्षा का आयोजन किया गया। एसटीएफ व खुफिया इकाइयां भी परीक्षा को लेकर सतर्क रहीं। इसकी वजह से पहले दिन ही दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे 14 लोग पकड़े गए जबकि विभिन्न जिलों में नौ नकलची पकड़े गए। वहीं, माध्यमिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अलग-अलग मंडलों में परीक्षा का पर्यवेक्षण किया। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा व वित्त दीपक कुमार ने राजधानी लखनऊ के केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में बने राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का भी पर्यवेक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि बोर्ड के टोल फ्री नंबर 1800-180-5310 तथा 1800-180-5312 पर परीक्षार्थियों की समस्याओं, जिज्ञासाओं का समाधान किया जाए। छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहयोग दिया जाए। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसी तरह राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम में 54 कंप्यूटर से पूरे प्रदेश के परीक्षा केंद्रों की निगरानी की गई। जहां भी किसी तरह की शंका होती, वहां के प्रभारी को फोन पर आवश्यक निर्देश दिए जाते। सुल्तानपुर में एक केंद्र पर कुछ छात्रों को नकल कराने की शिकायत की गई। कंट्रोल रूम ने तुरंत वहां के डीआईओएस को मौके पर भेजे। हालांकि ऑनलाइन निगरानी में इसके कोई प्रमाण नहीं मिले। वहीं कई छात्रों ने कंट्रोल रूम में फोन पर अपने प्रवेश पत्र व विषयों में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. महेंद्र देव, अपर शिक्षा निदेशक राजकीय अजय द्विवेदी, प्रभारी कंट्रोल रूम विवेक नौटियाल उपस्थित थे। परीक्षा के पहले दिन पहली पाली में सुबह 8.30 से 11.45 तक और द्वितीय पाली दोपहर 02 से 5.15 बजे तक आयोजित हुई। पहली पाली में हाईस्कूल की हिंदी व प्रारंभिक हिंदी तथा इंटर की सैन्य विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में हाईस्कूल के हेल्थकेयर तथा इंटर के हिंदी व सामान्य हिंदी विषयों की परीक्षा हुई।

जौला की आशा बहू सोनिया की थानाभवन में ऑपरेशन के दौरान मौत

पति ने चिकित्सक पर लगाया किडनी निकालने के प्रयास का आरोप, कहा-की गई हत्या

मुजफ्फरनगर/शामली, 24 फरवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर जनपद के गांव जौला निवासी एक आशा बहू कर्मचारी को उसके पति ने पित्त की थैली के ऑपरेशन के लिए जनपद शामली के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, यहां चिकित्सक ने ऑपरेशन कर पित्त की थैली निकालने के लिए सलाह दी थी। ऑपरेशन के दौरान देर रात महिला की मौत हो जाने पर परिजनों ने हंगामा किया, तो चिकित्सक फरार हो गए। पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी की किडनी निकालने का प्रयास किया गया, जिसमें उसकी मौत हो गई, उसने इसे हत्या बताते हुए आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने चिकित्सक और उसकी पत्नी के सहित चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला निवासी देशराम की पत्नी सोनिया स्वास्थ्य विभाग में आशा बहू कर्मचारी के रूप में कार्यरत थी। सोनिया को काफी दिनों से पेट में दर्द की शिकायत थी। सोनिया ने इसके लिए चिकित्सक को दिखाया तो अल्ट्रासाउंड की सलाह दी गई, जिसमें उसकी पित्त की थैली में पथरी मिलने पर उसको ऑपरेशन कराने के लिए कहा गया। देशराज के अनुसार आशा कर्मचारी होने के कारण सोनिया की जान पहचान जनपद शामली के कस्बा थाना भवन में अपनी पत्नी के साथ गगन हॉस्पिटल चलाने वाले चिकित्सक अबरार से हो गई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण सोनिया ने अबरार से फोन पर बात की और पित्त की थैली के ऑपरेशन के लिए बात की तो रविवार को ऑपरेशन करने की बात कहकर अबरार ने उसको हॉस्पिटल बुला लिया था।

इस पर देशराज ने अपने पुत्र के साथ पत्नी सोनिया को ऑपरेशन के लिए गगन हॉस्पिटल थाना भवन भेज दिया था। वहां पर हॉस्पिटल संचालक मौहम्मद अबरार ने सोनिया को ऑपरेशन के लिए भर्ती कर लिया था और रविवार की रात में ऑपरेशन किया जा रहा था। इसी बीच सोनिया की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर देशराज व अन्य परिजन देर रात ही हॉस्पिटल पर पहुंचे और सोनिया की मौत होने पर रोष प्रकट करते हुए अबरार व अन्य स्टाफ से मौत का कारण पूछा। आरोप है कि देर रात ऑपरेशन करने वाला चिकित्सक, अबरार और अन्य स्टाफ वहां से फरार हो गया।

सोमवार को सुबह भीम आर्मी कार्यकर्ता प्रभात कुमार के साथ परिजन शामली कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां पर गगन हॉस्पिटल संचालक, चिकित्सक के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए सोनिया की हत्या करने के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। देशराज ने यहां पर आरोप लगाया कि ऑपरेशन के दौरान सोनिया की किडनी निकालने का प्रयास किया गया और इसी के चलते उसकी मौत हो गई है। प्रदर्शन के बाद देशराज की तहरीर पर हॉस्पिटल संचालक मौहम्मद अबरार, उसकी पत्नी और दो अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी शिकायत के आधार पर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। जनपद शामली के पंजीयन नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. अश्वनी कुमार जांच करने पहुंचे तो हॉस्पिटल पर ताला लगा मिला। उन्होंने मीडिया को बताया कि हॉस्पिटल विभाग में पंजीकृत है, जिसे आईपीडी, ओपीडी व अन्य डे केयर सेवाएं देने के लिए स्वीकृति मिली है, हॉस्पिटल में ऑपरेशन करने के लिए कोई सर्जन नहीं है। मामले में मौहम्मद अबरार और सेवा प्रदाता चिकित्सक डॉ. अरीब अली सिद्दीकी को नोटिस जारी कर जवाब मागा गया है। देशराज ने बताया कि उसके चार बच्चे हैं और उसका एक पैर ठीक नहीं है, उसे रॉड डली होने के कारण वो ठीक से चल भी नहीं पाता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 24 फरवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 24 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1483-प्रथम मुगल शासक बाबर का जन्म। 1739-करनाल में हुए युद्ध में फारस पर सत्तासीन तुर्क नादिरशाह ने मुगल शहंशाह आलम की भारतीय सेना को हरा दिया। 1821-मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की। 1822-दुनिया के पहले स्वामी नारायण मंदिर का अहमदाबाद में उद्घाटन हुआ। 1831-दा ट्रीटि ऑफ डासिंग रेबिट क्रीक वह पहली संधि है जिसे भारतीय रिमूवल एक्ट से हटाने की घोषणा की गयी। 1882-संक्रामक बीमारी टीबी की पहचान आज ही के दिन की गई थी। 1894-निकारागुआ ने होंडुरास की राजधानी तेगुसिगालपा पर कब्जा किया। 1895-क्यूबा में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये लड़ाई शुरू हुई। 1919-भारतीय राजनीतिज्ञ शारदा मुखर्जी का जन्म। 1924-प्रसिद्ध भारतीय गजल गायक और अभिनेता तलत महमूद का जन्म। 1976-अर्जेन्टीना में सेना प्रमुखों द्वारा बलात् सत्ता ग्रहण, राष्ट्रपति श्रीमती पैरों गिरफ्तार एवं संसद भंग। 1984-भारत की टेबल टेनिस खिलाड़ी मौउमा दास का जन्म। 1998-हिन्दी फि ल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री ललिता पवार का निधन। 2001-पाकिस्तान भारत से परमाणु निवारण के लिए वार्ता को तैयार। 2003-चीन के जिजियांग प्रान्त में भीषण भूकम्प से 257 मरे। 2004-रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री मिखाइल कास्यानोव को उनके पद से हटाया। 2006-फिलीपींस में तख्तापलट की कोशिश के बाद आपातकाल लागू। 2008-मुम्बई की शगुन साराभाई ने जोहांसवर्ग में मिस इण्डिया वर्ल्ड वाइड का खिताब जीता। 2009-केन्द्र सरकार ने सेवा कर उत्पाद शुल्क में कटौती की घोषणा की। 2011-भारतीय शिक्षा शास्त्री, अमर चित्रकथा के संस्थापक अनंत पै का निधन। 2013-राउल कास्त्रो को दूसरे कार्यकाल के लिये क्यूबा का राष्ट्रपति चुना गया। 2018-भारतीय सिनेमा की ख्यातिप्राप्त अभिनेत्रियों में से एक श्रीदेवी का निधन। 2021-पंजाबी भाषा के लोक और पॉप संगीत से जुड़े प्रसिद्ध गायक तथा अभिनेता सरदूल सिकंदर का निधन।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- दैया 1330, रसकट दैया 1250-1265, चाकू 1360-1500, लड्डू 1380-1435, खुरपापाड़ 1315-1325, शक्कर मसाला 1450-1460। आमद- 10000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	88700	चांदी-	97300
सिक्का-	10500	गिन्नी-	66190

आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 25 फरवरी, 2025

मेष- मनोवांछित सफलता का सुअवसर प्राप्त, व्यापारिक उन्नति, स्वाध्याय में रुचि, पुरातन विवाद का समापन, भौतिक सुख-सुविधा में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन सुखी।

वृषभ- स्वास्थ्य में प्रतिकूलता, कार्यों में निराशा, आर्थिक प्रगति में व्यवधान, पारस्परिक सम्बन्धों में तनाव, शंका-कुशंका से मतभेद, व्यक्ति विशेष से हानि संभव।

मिथुन- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, जीवन साथी से मधुरता, नवसम्पर्क लाभदायी, संभावित यात्रा का सुपरिणाम।

कर्क- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुयोग, कुछेक समस्याओं का समापन, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, सुख-शांति।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, परिवार में धार्मिक आयोजन सम्पादित्, निजी इच्छा की पूर्ति, दाम्पत्य जीवन में सुखशांति का वातावरण, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

कन्या- लाभार्जन का मार्ग अवरुद्ध, राजकीय पक्ष से असहयोग, परिवार में आपसी मतभेद, एकाग्रता का अभाव, यात्रा में परेशानी, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता।

तुला- कठिनाइयों का निराकरण, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, आत्मीयजनों से मधुरता, सुख के साधन निमित्त व्यय, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति।

वृश्चिक- आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, व्यापार में धन निवेश, धनलाभ का सुयोग, इच्छित कार्यों की पूर्ति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, पठन-पाठन में रुचि।

धनु- समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में सफलता का सुअवसर प्राप्त, मित्रों-परिजनों से सहयोग, लाभ भी, आहार विहार में नवीनता।

मकर- समय असंतोषजनक, स्वास्थ्य में प्रतिकूलता, सहयोगियों की गतिविधियों में मानसिक कष्ट, परिवार में अनावश्यक खर्च, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता।

कुम्भ- परोपकार की भावना जागृत, आत्मसंयम से कार्य सिद्धि, निराशा का समापन, अध्यावसाय की ओर रुझान, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा ।

मीन-धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, परिवार में सुख शांति का मार्ग प्रशस्त, विवाद का निर्णय पक्ष में, उपहार का लाभ।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

मीरापुर में शिवभक्तों के लिए कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने आरती कर किया शुभारंभ, शिवभक्तों के आगमन से भगवामय हुआ मीरापुर

मीरापुर, 24 फरवरी (बु.)। महाशिवरात्रि पर्व के चलते हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर चल रहे शिवभक्तों का मीरापुर में सैलाब उमड़ने लगा है। शिवभक्तों की सेवा के लिए व्यापारियों द्वारा लगाए जाने वाले कांवड़ सेवा शिविर का विधिवत् शुभारंभ हो गया। एसडीएम जानसठ ने भगवान श्री गणेश की आरती कर शिविर का शुभारंभ किया।
कस्बे के मुख्य बाजार में शिवभक्तों की सेवा के लिए वर्ष 1984 से व्यापारियों द्वारा लगाए जाने वाले कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने भगवान श्री गणेश व भोलेनाथ की पूजा-अर्चना व आरती कर किया। इस दौरान एसडीएम सुबोध कुमार ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा से बड़ा पुण्य कार्य कुछ नहीं है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर चल रहे शिवभक्तों की भारी भीड़ मीरापुर पहुँचने लगी। शिवभक्तों ने बम बम भोले के जयकारों से वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। शिविर में व्यापारी शिवभक्तों की सेवा में जुटे हैं। शिविर में शिवभक्तों के लिए भोजन, चिकित्सा व आराम व स्नान आदि की

व्यवस्था की गई है। नगर में पहुँचने वाले शिवभक्तों पर व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। कांवड़ सेवा शिविर में व्यापारी राकेश आढ़ती, किशनलाल अग्रवाल, अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, रूपेश गुप्ता, अभिषेक गर्ग, लाला ब्रजभूषण अग्रवाल, नीरज गर्ग, आदित्य अग्रवाल, एकांश गुप्ता, अभय गुप्ता, अनिल नंदवानी, सुनील कुमार, उदित अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, दीपक गुप्ता, अमित रस्तौगी, अमित राजवंशी, अधिवक्ता शुभम जैन, विशु रस्तौगी, सुधांशु गुप्ता, विपुल अग्रवाल आदि ने शिवभक्तों की सेवा कर धर्मलाभ कमाया। व्यापारी राकेश आढ़ती ने बताया कि शिवभक्तों की सेवा के लिए पिछले 41 वर्षों से मुख्य बाजार में मदान चौक पर यह शिविर लगाया जाता है, जिसमें सभी व्यापारी निःस्वार्थ भावना से शिवभक्तों की सेवा करते हैं।

एडीएम ने किया डूंडी घाट के अस्थायी पुल का निरीक्षण

भोपा, 24 फरवरी (बु.)। सोलानी नदी के डूंडी घाट पर कांवड़ियों के लिए ग्रामीणों द्वारा बनाए गए अस्थायी पुल का एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने अपराध पुलिस निरीक्षक हरेंद्र सिंह के साथ निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अनेक शिवभक्त लक्सर के रास्ते गांव योगेन्द्रनगर डूंडीघाट से सोलानी नदी पार करके भोकरहेड़ी-मोरना होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाते हैं। सोलानी नदी पर पुल न होने के कारण शिवभक्तों को पानी से होकर गुजरना पड़ता था। शिवभक्तों की समस्या को देखते हुए योगेंद्रनगर के ग्रामीणों ने डूंडीघाट पर लकड़ी का अस्थाई पुल बनाया है। सोमवार को डीएम प्रशासन नरेंद्र

बहादुर सिंह ने अपराध पुलिस निरीक्षक हरेंद्र सिंह के साथ सोलानी नदी के डूंडी घाट पर कांवड़ियों के लिए ग्रामीणों द्वारा बनाए गए अस्थायी पुल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भोले बम-भोले बम का जयकारा लगाते हुए शिव भक्त नांचते-गाते हुए अपने गंतव्य को बढ़ रहे है। सोमवार को गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, नोएडा, बुलंदशहर के अनेक कांवड़िये गुजरे। वहीं, ग्रामीण शिविर लगाकर भोले भक्तों की सेवा में जुटे हैं। संयोजक मनोज कश्यप, सोम डीलर, अंकित, रजनीश कुमार, मोहन, सनी कुमार आदि मौजूद रहे।

छोटी-मोटी शिकायतों का मौके पर ही हुआ निस्तारण

बुढ़ाना, 24 फरवरी (बु.)। कोतवाली परिसर में सोमवार के दिन आई कुछ छोटी- मोटी शिकायतों का बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। या तो यहां शिकायतकर्ता उफनते हुए कोतवाली में शिकायत लेकर आए थे या फिर कुछ ही देर बाद विपक्षियों के संग ही उनके वाहनों में सवार होते हुए निकल गये। बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र ने बताया कि वे प्रतिदिन बुढ़ाना कोतवाली परिसर में आने वाले सभी फरियादियों की शिकायत सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण करने का पूरा प्रयास करते हैं। हमारी कोशिश यही रहती है कि कोई भी पीड़ित यहां से बैरंग ना लौटे और वे उच्चाधिकारियों तक ना जाए। आज भी कुछ लोग छोटी-मोटी शिकायतों को लेकर उनके पास आए थे। तभी दूसरे पक्ष को मौके पर बुलवाकर शिकायतों का निस्तारण कराकर पीड़ित पक्ष की संतुष्टि की। उन्होंने कहा कि वे हमेशा से ही पीड़ित की बात को पूरे ध्यान से सुनते हैं और उनकी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करते हैं। किसी कारण से पीड़ित रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कहता है तो वे फिर बाकायदा उसकी रिपोर्ट दर्ज कर उसको पूरा न्याय दिलाने का काम करते हैं। इस दौरान बुढ़ाना महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा और चिकित्सा विभाग से डाक्टर निशांत गर्ग मौजूद रहे।

डी.ए.वी. कॉलेज में युवा उत्सव 'उल्लास-2025' के अंतर्गत फैशन फ्यूजन प्रतियोगिता का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। सोमवार को डी.ए.वी. कॉलेज, में चल रहे युवा उत्सव 'उल्लास-2025' के अंतर्गत बीएफए विभाग द्वारा फैशन फ्यूजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के साथ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.गरिमा जैन, कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुनीता शर्मा, समन्वयक डॉ. राहुल शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। प्रतियोगिता में शिक्षा, विधि, वनस्पति, प्राणी विज्ञान, वाणिज्य एवं कंप्यूटर विज्ञान विभागों के लगभग 70 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता में आरएम तिवारी, पूर्व विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग, डीएवी कॉलेज, स्मृति गोयल, पूर्व अध्यक्ष, इनर व्हील क्लब, प्रो. प्रीति खन्ना, वर्धमान कॉलेज बिजनौर, ने निर्णायकों की भूमिका का निर्वहन किया। प्राचार्य प्रो. गरिमा जैन ने सभी निर्णायकों का स्वागत पुष्प गुच्छ से करते हुए, उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किये। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले मॉडल विद्यार्थियों द्वारा बीएफए के छात्र-छात्राओं द्वारा डिजाइन की गयी ड्रेस की प्रस्तुति की गयी। प्रतियोगिता में ड्रेस डिजाइनर के रूप में आफिया खान, बीएफए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, राधिका पाल, बीएफए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा

शिवा ठाकरान, बीएफए तृतीय वर्ष एवं अरीबा अन्सारी, बीएफए चतुर्थ वर्ष ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। मन्तषा राणा, बीएफए द्वितीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। मॉडल प्रतिभागियों में से छाया व सिदरा अंसारी ने प्रथम स्थान, मनु पाल, मुबस्सिरा व महकदीप कौर ने द्वितीय स्थान तथा कुमकुम, मोनिका, सानिया मिधा व वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राची व शिवानी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गरिमा जैन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद देते हुए छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में मंच संचालन पूर्वांशी मलिक, प्रवक्ता बॉयोसांइस विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में समिति के सदस्यों इन्दु काकरान, डॉ. मन्जू चौहान, कनीज हुसैन, फरहीन, रितु मित्तल के साथ-साथ कॉलेज के अन्य शिक्षकों डॉ. अर्चना धामा, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. अंशू बंसल, डॉ. सालेहा, प्रिया अग्रवाल, विशालनी, सुशील कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में खेलकूद के तीसरे दिन हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिता

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्रांगण में चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। तीसरे दिन के खेल में वॉलीबाल (पुरूष वर्ग) व खो-खो (महिला वर्ग) के मुकाबले हुए।
पुरूष वर्ग में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आज तीसरे दिन के मुकाबले का प्रथम मैच बी.एससी. (विज्ञान) व बीए के मध्य हुआ, जिसमें बीए 25-18, 20-25 व 25-21 से विजयी रही। दूसरा मैच बी.कॉम. व एनसीसी के मध्य हुआ, जिसमें एनसीसी 10-25, 12-25 से विजयी रही। तीसरा मैच बी.एससी. (विज्ञान) व बी.कॉम. के मध्य हुआ, जिसमें बी.एससी. (विज्ञान) 25-19 व 25-22 से विजयी रही। चतुर्थ मैच एनसीसी व बी.एससी. (विज्ञान) के मध्य हुआ, जिसे बी.एससी. (विज्ञान) ने 25-20 व 25-21 से जीता। पांचवा मैच बीए व बी.कॉम. के मध्य हुआ, जिसमें बीए 25-23 व 25-22 से विजयी रही। प्रतियोगिता का अन्तिम मैच बीए व एनसीसी के मध्य हुआ, जिसमें एनसीसी 25-19, 25-22 से विजयी रही। महिला वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता में आज के मुकाबले में पहला मैच बी.एससी. (विज्ञान) व बीए के मध्य हुआ, जिसे बी.एससी. (विज्ञान) ने जीता। दूसरा मैच एनसीसी व बी.कॉम. के मध्य हुआ, जिसे एनसीसी ने जीता। तीसरे मैच बीए ने एनसीसी को हराकर जीता। चतुर्थ मैच बी.एससी. (विज्ञान) ने बी.कॉम. को हराकर जीता। पांचवा मैच बीए व बी.कॉम. के मध्य हुआ, जिसमें बीए विजयी रही। छठे व अन्तिम मैच में एनसीसी व बी.एससी. (विज्ञान) के मध्य हुआ, जिसमें बी.एससी. (विज्ञान) विजयी

रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में अंकित धामा, अक्षर डागर, सुमित, निकी, सृष्टि, आंचल, अक्षय, सागर आदि रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों आदि ने सहयोग किया एवं सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

यूएस एड विवाद पर वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर उठाये सवाल

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसी)। अमेरिकी एजेंसी यूएसएड की फंडिंग से जुड़े विवाद के बीच कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि वित्त मंत्रालय की वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का झूठ पूरी तरह से उजागर हो गया है। वहीं, भाजपा ने मुख्य विपक्षी दल पर भारत के लोकतंत्र को अस्थिर करने की कोशिश करने वाले विदेशी दानदाताओं के दखल का बचाव करने का आरोप लगाया। दरअसल, केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमेरिकी एजेंसी ने 2023-24 में 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सात परियोजनाओं की फंडिंग की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, ह्यकिसी और ने नहीं, बल्कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने प्रधानमंत्री और उनके विदेश मंत्री सहित उनकी झूठ ब्रिगेड के झूठ को पूरी तरह से उजागर किया है। वित्त मंत्रालय की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएसएड वर्तमान में भारत सरकार के सहयोग से लगभग 75 करोड़ डॉलर के संयुक्त बजट की सात परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है।ह्व उनके मुताबिक, इनमें से एक भी परियोजना का मतदान प्रतिशत से कोई लेना-देना नहीं है। रमेश ने कहा, ह्यये सभी केंद्र सरकार के साथ और उसके माध्यम से हैं। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए दावा किया कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए ह्यजॉर्ज सोरोस (अमेरिकी कारोबारी) से जुड़े मोर्चों और एनजीओ ढांचे के माध्यम से विवादास्पद यूएसएड फंडिंग से ध्यान हटाने के लिए कांग्रेस और उसके तंत्र की हताशा दिख रही है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, कि अब यह स्पष्ट है कि लाभार्थी कौन हैं।

विराट कोहली को शतक से दूर रखने के लिए अफरीदी ने जान बूझकर फेंकी वाइड

दुबई, 24 फरवरी (एजेंसी)। भारत ने पाकिस्तान को हराकर 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में पहुंच गई है। विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक लगाया। वह 111 गेंद 100 रन बनाकर नाबाद रहे। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान विराट को शतक नहीं बनाने देने की साजिश रच रहा है। शाहीन वाइड पर वाइड फेंक रहे थे। हालांकि, कोहली ने धैर्य नहीं खोया और शतक पूरा करके ही दम लिया। हालांकि, शाहीन को फैंस की आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा। 41 ओवर के बाद भारत का स्कोर चार विकेट पर 225 रन था। भारत को जीत के लिए 17 रन चाहिए थे और कोहली को शतक के लिए 13 रन चाहिए थे। 42वें ओवर में शाहीन अफरीदी गेंदबाजी के लिए आए। उन्होंने इस ओवर में तीन-तीन वाइड गेंद फेंकी, ताकी भारत का रन बढ़े और जीत के लिए जरूरत रन कम हो। जब शाहीन वाइड फेंक रहे थे तो भारतीय फैंस को यह पसंद नहीं आया। उन्होंने स्टेडियम में शाहीन और पाकिस्तान टीम के लिए- लूजर्स-लूजर्स के नारे लगाए। शाहीन इस पर मुस्कुराने लगे और विराट ने भी शाहीन की ओर देखा और फिर मुस्कुराने लगे। भारत को 43वें ओवर के बाद चार रन की जरूरत थी। खुशदिल शाह के ओवर में विराट ने पहली गेंद पर एक रन लिया और फिर अक्षर पटेल ने दूसरी गेंद पर एक रन लिया। अब भारत को जीत के लिए दो रन और विराट को शतक के लिए चार रन चाहिए थे। तीसरी गेंद पर एक्स्ट्रा कवर में चौका जड़ने के साथ कोहली के चेहरे पर इत्मीनान की मुस्कान आई और इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट प्रेमी भी खुशी से झूम उठे और शतक बनाकर कई चुनौतियों से उबरते हुए कोहली ने पुराने फॉर्म के दीदार कराए।

द एसडी पब्लिक स्कूल में हुआ कौशल-विकास विषयों पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। सोमवार को द एसडी पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 के आगामी सत्र के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए एक 'ओरिएंटेशन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को सीबीएसई द्वारा प्रस्तावित नवीन कौशल-विकास विषयों से अवगत कराना था। इन विषयों को कक्षा 9 के पाँच मुख्य विषयों के साथ अतिरिक्त छठे विषय के रूप में जोड़ा गया है, जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, इंट्रोडक्शन टू फाइनेंशियल मार्केट, इनफॉरमेशन टैक्नोलॉजी, मार्केटिंग एण्ड सेल्स को स्थान दिया गया है।

कार्यक्रम के आरम्भ में विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम महाना ने सभी अभिभावकों को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया एवं इन कौशल-विकास विषयों के महत्त्व व उपयोगिता से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबों पर आधारित न होकर जीवनोपयोगी नवीन-कौशल विकास से भी संबंधित होनी चाहिए। इसके पश्चात विद्यालय की निर्देशिका चंचल सक्सेना ने उपस्थित अभिभावकगण को संबोधित करते हुए नई शिक्षा नीति के विषय में विस्तार से बताया और इन विषयों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि हर नया प्रयास जीवन में सीखने के नए रास्तों को खोलता है, साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों के व्यवहार में आने वाले परिवर्तनों पर गंभीरता से ध्यान दें, ताकि समय रहते उनका उचित मार्गदर्शन किया जा सके। कार्यक्रम में सभी अभिभावकों की उपस्थिति पूर्णतः उत्साहवर्धक रही।

स्वयं सेवकों ने साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया

मीरापुर, 24 फरवरी (बु.)। साहब सिंह डिग्री कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवकों ने गोष्ठी के माध्यम से लोगों को बढ़ते साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचाव के सुझाव दिए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार सिंह व सहायक आचार्य डॉ. किशोर कुमार ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा आज के दौर में साइबर अपराध से बचने के लिए मोबाईल का प्रयोग करते समय अंजान फोन कॉल को उठाने से बचें तथा एटीएम से रुपये निकालते समय किसी अन्य को कोई जानकारी न दें। एटीएम से रुपये निकालते समय बैंककर्मी या गार्ड का मौजूद रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने मोबाइल पर अपना फोटो, आधार कार्ड या कोई अन्य जानकारी किसी से शेयर न करें। प्राचार्य डॉ. आजाद कुमार सिंह ने मोबाइल चलाते समय सावधानी बरतने व किसी अनजाने लिंक पर क्लिक न करने को कहा। शिविर के दूसरे सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामबीरी ने प्रकृति की रक्षा के लिए जीव जन्तुओं के प्रति दया-भाव रखकर उनकी सेवा करके को कहा कि हमें पशु-पक्षियों व अन्य दुर्लभ जीवों के जीवन के संरक्षण का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान डॉ. निधि उपाध्याय, मोहित कुमार, सुनील कुमार, कुलदीप कुमार, अनुराधा कुमारी, शगुन, तानिया, सलोनी, दिविशा, हिमानी, खुशी, रमानी, वर्णिका, कशिश, सुहानी, नेहा, आयुषी, नौबहार, विपिन, निखिल, अमित, अनिकेत, अश्वनी आदि का योगदान रहा।

खतौली में बाजार बंदी पर सख्त दिखे अफसर, बाजारों में अधिकांश दुकानें बंद नजर आई

खतौली, 24 फरवरी (बु.)। जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के अनुसार सड़कों पर लाव लश्कर के साथ उतरे प्रशासनिक अधिकारियों की सख्ती के चलते विगत कई दशकों बाद सोमवार को नगर में साप्ताहिक अवकाश के दिन अधिकांश प्रतिष्ठान बंद दिखाई दिये।
सोमवार को नायब तहसीलदार अमित रस्तौगी, श्रम प्रवर्तन ने पुलिसबल के साथ सड़कों पर उतरकर साप्ताहिक बंदी के दिन बाजारों में भ्रमण किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के इरादों को भांपते हुए बाजारों में अधिकांश दुकानें बंद दिखाई दी वहीं बाजारों में खुली कुछ दुकानों को चेतावनी देकर बंद कराया गया साथ ही दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गयी कि साप्ताहिक बंदी के दिन दुकान खुलने पर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बाजारों में मेडिकल स्टोर, सब्जी व खाद्य सामग्री आदि सामान विक्रेताओं के प्रतिष्ठान ही खुले। इसके अलावा नगर के लोगों में यह चर्चा बनी रही कि क्या साप्ताहिक बंदी का क्रम लम्बे समय तक बना रहेगा अथवा यह कुछ सप्ताह में ही अपने पुराने रूप में नजर आएगा। अधिकारियों के सख्ती से साप्ताहिक अवकाश में भी प्रतिदिन की तरह दुकान खोलने वाले दुकानदारों में सोमवार को खलबली मची रही।

बंदी के दिन भी बाजारों में दिनभर खुली दुकानें

बुढ़ाना, 24 फरवरी (बु.)। कस्बे की साप्ताहिक बन्दी एक मजाक बनकर रह गयी। कुछ दबंग दुकानदार अपनी हठधर्मी के चलते जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के दिशा निर्देशों का भी पालन नहीं कर रहे हैं और न ही स्थानीय प्रशासन इन दुकानदारों का कुछ कर पा रहा है, जिसके चलते पिछले सोमवार की तरह इस सोमवार को भी साप्ताहिक बंदी का कोई असर कस्बे में नहीं दिखा।
बड़ा बाजार पूरे दिन बेखौफ होकर खुला रहा और कुछ दबंग व्यापारी यहां के कुछ व्यापारियों के एक गुट के अध्यक्ष को भविष्य में देख लेने की धमकी देते रहे, जबकि अध्यक्ष का इस मामले में कोई ऐसा रोल दिखाई नहीं दिया, जिसमें उन्होंने किसी भी व्यापारी के खिलाफ कोई भी बात कही हो। बस उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील ही की थी कि वे साप्ताहिक बंदी का पालन करें। नगर में साप्ताहिक बंदी मजाक बनकर रह गई है। पिछले वर्ष श्रम विभाग की ओर से छापेमारी की गई थी तथा कई दुकानदारों को नोटिस दिए गए थे। इसके बाद कार्यवाही ठंडे बस्ते में डाल दी गई। यही कारण है कि साप्ताहिक बंदी लागू नहीं हो पा रही है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र, नाम कृष्णा गर्ग के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 11682 दिनांक 18-01-2016 व मेरी पुत्री, नाम आरोही गर्ग के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 5525 दिनांक 04-06-2018 में माता का नाम गलती से साक्षी गर्ग अंकित करा दिया गया है, जबकि उनका वास्तविक नाम साक्षी है। यह भविष्य में साक्षी के नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु शपथ पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

साक्षी पत्नी राहुल गर्ग
702/7 हनुमानपुरी, लद्दावाला, मुजफ्फरनगर
मोबाइल - 9760852027

खोया-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक असल बैनामा प्लॉट निकट ग्राम कूकड़ा, मुजफ्फरनगर रजिस्ट्रीसुदा दिनांक 17-08-2007, क्रम 8826 दिनांक 24-02-2025 को तहसील मुजफ्फरनग से घर जाते समय झांसी की रानी के पास गुम हो गया है। काफी तलाश करने के बाद भी यह नहीं मिला है। यह बैनामा मेरी **पत्नी

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

चैंपियंस ट्रॉफी में पाक की हार

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों से लेकर वहाँ के आम लोग तक गुस्सा जता रहे हैं। भारत से हार के बाद अक्सर ऐसा होता है। पाकिस्तान के लोग भारत से क्रिकेट में हार के बाद अपना टीवी तक फोड़ देते हैं। सोशल मीडिया से लेकर पाकिस्तान के टीवी और अखबारों में भी पाकिस्तानी टीम के प्रति काफी नाराजगी जताई जा रही है। बांग्लादेश के बाद पाकिस्तान को हराकर भारत ने सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है और पाकिस्तान की राह लगभग असंभव हो गई है। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन नतीजे से स्पष्ट है कि यह फैसला पाकिस्तान के हक में नहीं गया। पाकिस्तानी टीम बल्लेबाजी करने आई, तो भारतीय गेंदबाज बहुत लय में दिखे। ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान भारी पड़ेगा। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने तो पहले ही ओवर में पाँच वाइड गेंद फेंकी। मोहम्मद शमी ने पहले ओवर में 11 गेंदें फेंकी थीं। भारत की तरफ से 17 अतिरिक्त रन दिए थे। भारत के लोगों ने सोशल मीडिया पर शमी की आलोचना भी शुरू कर दी थी। नौवें ओवर की दूसरी गेंद पर हार्दिक पांड्या ने बाबर आजम को आउट कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान के हक में कुछ भी नहीं गया। पाकिस्तान की पूरी टीम 50 ओवर में दो गेंद बाकी थी, तभी 241 के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। भारत ने 42 ओवर तीन गेंद में यह लक्ष्य हासिल कर लिया और पाकिस्तान को छह विकेट से मात दी। इस जीत के साथ ही भारत चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए में चार अंकों के साथ शीर्ष पर आ गया है और पाकिस्तान सबसे आखिरी पायदान पर है। ग्रुप ए में भारत पहले नंबर पर है, न्यूजीलैंड दूसरे नंबर पर, बांग्लादेश तीसरे नंबर पर और पाकिस्तान चौथे नंबर पर है। क्रिकेट पर पाकिस्तान के चर्चित शो स्पोर्ट्स सेंट्रल में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और जाने-माने क्रिकेटर वसीम अकरम ने कहा, अब बहुत हो गया। हमें कठोर कदम उठाने चाहिएं हम पिछले कई सालों से सफेद गेंद में हार रहे हैं। किसी भी टीम से हार जा रहे हैं। अब साहसिक फैसले की जरूरत है। हमें नौजवान और निडर क्रिकेटर चाहिएं, भले हमें पाँच छह चेंज करने पड़े, 2026 के टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी अभी से शुरू कर देनी चाहिए। हमने इन्हें बहुत वक़्त दे दिया, इन्हें स्टार बना दिया, अब नहीं। वसीम अकरम ने कहा, पाकिस्तान के पाँच मैचों में हमारे सारे गेंदबाजों ने 24 विकेट 60 के एवरेज से लिए हैं। यानी 60 रन प्रति विकेट, अब होना ये चाहिए कि पीसीबी चेयरमैन वापस जाएं। सलेक्शन कमैटी, कप्तान और कोच को बुलाएं, इनसे पूछा जाए कि किन लोगों को खेलने का मौका दिया है? खुशदिल शाह और सलमान आगा को देख क्या लग रहा था कि ये विराट कोहली जैसे बल्लेबाज को आउट कर सकते है? वसीम अकरम ने कहा, हम चीखें मार रहे थे कि यह प्लेइंग 11 ठीक नहीं है। चेयरमैन ने कहा भी कि बदलाव करना है, तो कर लो, लेकिन उसी प्लेइंग इलेवन के साथ आ गया। इसमें कप्तान भी कसूरवार है, क्योंकि कप्तान ही टीम का लीडर होता है। अगर उसे ही नहीं पता है कि किन लोगों से मैच जीता जा सकता है तो यह शर्मनाक है। दुबई के स्टेडियम से पाकिस्तानी प्रशंसक 20 ओवर के बाद ही निकल गए थे, ऐसा कभी नहीं हुआ था। इसी कार्यक्रम में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और चर्चित क्रिकेटर वकार युनूस ने पाकिस्तान की टीम की कड़ी आलोचना की। वकार युनूस ने कहा, पाकिस्तान की गेंदबाजी में कोई अनुशासन नहीं था। बैटिंग का भी वही हाल था, बाबर अच्छा दिख रहा था, लेकिन खुद को संभाल नहीं पाया। रिजवान ने आते ही चौका लगाया, लेकिन उसके बाद क्या हुआ पता नहीं। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज रहे शोएब अख़्तर ने एक टीवी शो में कहा, अनोखी चीज तो हुई नहीं है, हमें अब आदत हो गई है। बात इरादे की नहीं है, मुझे तो लगता है कि पाकिस्तानी टीम के पास स्किल भी नहीं है, स्किल होता तो इस तरह नहीं खेलते। एक तो कप्तानी बिना दिमाग लगाए हुई है। उन्हें कुछ पता ही नहीं है कि क्या करना है, अब तो बात करने का भी मन नहीं कर करता है। पाकिस्तान में भारत को लेकर प्रलाप कोई नयी बात नहीं है, लेकिन भारत से हार पाकिस्तान को कचोटती है। इसी को प्रगट करती है रमीज रजा की टिप्पणी। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और पीसीबी के पूर्व चेयरमैन रमीज रजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, भारत से हार होती है, तो ज्यादा तकलीफ होती है, लेकिन सबसे ज्यादा तकलीफ की बात है कि भारत अब ज्यादा घास ही नहीं डालता है, क्योंकि उन्हें पहले ही इल्म होता है कि क्या होना है। अब तो लोग मानकर चलने लगे हैं कि भारत से पाकिस्तान खेलेगा, तो हार ही मिलेगी। आज भी जब भारत ने मैच जीता तो भारत की तरफ से बहुत संतुलित रिएक्शन था। हमने तो भारत को बांग्लादेश की तरह भी चुनौती नहीं दी। भारत को पता है कि कब क्या करना है। रमीज रजा ने कहा, भारत की टीम घबराती नहीं है। पाकिस्तान के साथ बहुत मसअले हैं। रिजवान की कप्तानी बेहतर हो सकती थी। पाकिस्तान का स्पिन डिपार्टमेंट बहुत कमजोर था। पाकिस्तान का प्लेइंग 11 बहुत ही बेकार था। साउद शकील ने बेतुका शॉर्ट खेला। सलमान आगा ने भी वही किया, 241 का लक्ष्य देकर आप भारत से नहीं जीत सकते हैं। विराट कोहली ने कमाल की बैटिंग की, उनकी कमाल की फिटनेस है। बाबर आजम को ओपनर क्यों बनाया? जब से टीम बनी है, तब से कहा जा रहा है कि स्पिनर चाहिए, हमने उन्हीं लोगों को शामिल कर रखा है, जिनसे हार मिल रही है। इंडिया वाले क्या पागल हैं कि स्पिनर खिला रहे थे। कोहली वर्ल्ड क्लास ऐसे ही नहीं बना है। हमारे हीरो सोशल मीडिया के शेर हैं। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट से बाहर भी हो सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की पाकिस्तान मेजबानी कर रहा है, लेकिन न्यूजीलैंड और भारत से लगातार दो मैच हारने के बाद वह टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो ही गया है। इस टूर्नामेंट का आगाज 19 फरवरी से हुआ था। पाकिस्तान जाकर भारत ने खेलने से इनकार कर दिया था, इसके बाद भारत को लेकर पाकिस्तान में काफी नाराजगी थी। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के लोग कह रहे थे कि इसका जवाब भारत को हराकर ही दिया जा सकता है, लेकिन रविवार को दुबई में खेले गए मैच में पाकिस्तान भारत से 6 विकेट से हार गया, पाकिस्तानियों के जवाब देने के अरमान ठंडे पड़ गए। 27 फरवरी को बांग्लादेश के साथ मैच में बड़े अंतर से पाकिस्तान अगर नहीं जीता तो पाकिस्तान में टीवी जरूर फूटेंगे।

चार तीर

सुनील उत्सव

'आकाश' 'खूबियां' 'भाषण' 'मैदान'

बाप ने तो जैसे तैसे छू लिया आकाश को,
खूबियां मिलती नहीं नेताओं की संतान में।
इनके भाषण सुन के लगता है हमें जैसे कि ये,
बेवकूफी के सहारे आ गए मैदान में।

यशवीर महाराज की चेतावनी के बाद जागी शाहपुर की पुलिस, मारपीट करने वाले आरोपियों पर मुकदमा

शाहपुर के गोकुलपुर में दो पक्षों में हुई मारपीट के प्रकरण में दूसरे समुदाय के आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश, सैनी समाज की पंचायत में दिखा आक्रोश

शाहपुर, 24 फरवरी (बु.)। शाहपुर के मोहल्ला गोकुलपुर में 2 दिन पूर्व दूसरे समुदाय के परिवार द्वारा किए गए हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सैनी समाज के अध्यक्ष सतीश सैनी के आवास पर सजातीय बंधुओं की पंचायत आयोजितकी गई जिसमें घटना के दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की गई। पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी ने कहा कि समाज की लड़ाई केवल दोषी हनीफ परिवार के खिलाफ है उन्हें की गई ज्यादती की सजा मिले। बताते चलें कि हमले का वीडियो वायरल होने एवं स्वामी यशवीर महाराज की चेतावनी के चलते शाहपुर पुलिस ने कल इस घटना का अभियोग पंजीकृत कर लिया था। थाना प्रभारी दीपक चौधरी का कहना है कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है वह शीघ्र सलाखों के पीछे होंगे। गत दिवस नगर के मोहल्ला गोकलपुर में दो पक्षों में हुए संघर्ष में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष की लाठी डंडों से जबरदस्त पिटाई प्रकरण में यशवीर महाराज की वीडियो के बाद नया मोड़ आ गया है आज इस प्रकरण को लेकर सैनी समाज की एक विशाल पंचायत सैनी समाज के अध्यक्ष एवं गन्ना मिल मंसूरपुर के डायरेक्टर सतीश सैनी के आवास पर हुई जिसमें सैनी समाज के बड़े बुजुर्ग एवं युवाओं ने भारी संख्या में भाग लिया और कडा रोष व्यक्त किया कि दोषी परिवार के विरुद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई करें अन्यथा सैनी समाज को सड़कों पर आना पड़ेगा पंचायत को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी ने कहा कि सैनी समाज की लड़ाई दोषी परिवार की पूरी बिरादरी से नहीं है बल्कि दोषी परिवार से है उसके विरुद्ध प्रशासन सख्त कार्यवाही अमल में लाए अन्यथा सैनी समाज की पुन पंचायत होगी और आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी उन्होंने कहा कि इस तरह का मारपीट का प्रकरण सहन नहीं किया जाएगा हमारे समाज के जिम्मेदार लोगों ने मामले को शांत करा दिया था लेकिन दूसरे पक्ष ने न जाने किसके उकसाने पर इस घटना को इस तरह का अंजाम दिया है वह कस्बे का माहौल खराब नहीं होने देंगे। समय रहते प्रशासन कड़ी कार्रवाई करें पंचायत में थाना अध्यक्ष से मिलने का निर्णय लिया गया 11 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल थाना अध्यक्ष से मिला तो थाना अध्यक्ष ने सैनी समाज को भरोसा दिलाया कि इस प्रकरण में अभियोग नामजद पंजीकृत हो गया है पुलिस की दबिशे जारी है दोषियों की गिरफ्तारी होगी और सभी दोषी जेल जाएंगे इस पर सैनी समाज संतुष्ट नजर आया पंचायत में मोनू सैनी प्रधान पलडी सुरेंद्र सैनी सत्येंद्र सैनी पूर्व सभासद विक्रम सैनी बृजपाल सैनी अशोक सैनी राजकुमार सैनी विशाल सैनी रामपाल मा बाबू सैनी हरपाल सिंह रविंदर दीपक भोनदा आदि अध्यक्षता सुंदर लाल सैनी व संचालन पूर्व चैयरमैन परमेश सैनी ने किया।

काली नदी पर पुल बनाने की मांग, प्रशासन से लगाई गुहार

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। काली नदी घाट पर पुल निर्माण की मांग को लेकर लंबे समय से प्रयासरत काली नदी किसान समिति ने जनप्रतिनिधियों के साथ जिले के आलाधिकारियों से उक्त समस्या के निदान की मांग की है। स्थानीय लोगों की प्रमुख समस्याओं में शामिल होने के साथ धार्मिक भावना से जुड़ी इस समस्या के निदान की खातिर क्षेत्र के लोग प्रयासरत हैं, लेकिन समस्या का निदान होता दिखाई नहीं देता। सोमवार को काली नदी पर पुल निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर काली नदी किसान समिति की बैठक विजय कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें अधिकांश वक्ताओं ने इस समस्या के निदान की शासन-प्रशासन से गुहार लगाते हुए काली नदी पर पुल निर्माण कराए जाने की मांग की। विजय कश्यप ने बताया कि काली नदी पर जहां एक ओर टाउनहाल की रामलीला मंचन के दौरान भगवान श्रीराम, सीता एवं लक्ष्मण को इसी मार्ग से पार कराया जाता है, वहीं सैय्यद समाज के लोगों को ताजिए दफनाने के लिए भी इसी क्षेत्र से काली नदी को पार किए जाने की लंबे समय से परंपरा चली आ रही है। समिति ने प्रशासन से इस समस्या के निदान की मांग की। इस दौरान विनोद कश्यप, बिजेन्द्र कश्यप, राधेश्याम कश्यप, महेश, लक्ष्मण, जहीर, खालिद, सलीम, आकिल, मंजू, अमन, विवेक, नवीन कश्यप आदि मौजूद रहे।

गांव सोरम में स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को किया साइबर अपराध पर जागरूक

शाहपुर, 24 फरवरी (बु.)। गांव सोरम में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को साइबर क्राइम के साथ डिजिटल अरेस्ट के प्रति जागरूक किया। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर गांव सोरम के वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित हो रहा है। शिविर के तृतीय दिन शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य हरीश कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास तथा इसकी कार्य प्रणाली के विषय में बताया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने डिजिटल साक्षरता रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया तथा ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार से होने वाली ऑनलाइन ठगी के बारे में बताते हुए डिजिटल अरेस्ट के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी आदित्य कुमार ने बताया कि स्वयंसेवको ने गांव में डिजिटल साक्षरता संबंधी जानकारी देने से ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इस दौरान असिस्टेंट प्रो. अरविंद कुमार, कार्यालय प्रभारी अनुज कुमार, नितिन कुमार व धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

अक्षय और सोनाली ने लगाई आस्था की डुबकी, कटरीना पहुंची चिदानंद के आश्रम

महाकुम्भ नगर, 24 फरवरी (वार्ता)। बालीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने सोमवार को त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की ,वहीं एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंच कर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की।

संगम स्नान करने के बाद अक्षय कुमार ने कहा, ह्व मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। 2019 के कुम्भ में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित है। अंबानी और अदानी समेत बड़े उद्योगपति, बड़े सितारे यहां आ रहे हैं, जिससे महाकुम्भ की भव्यता और बढ़ गई है।ह्व उन्होंने पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत से ही यह आयोजन इतना सफल हो पाया है। बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री कटरीना कैफ ने भी महाकुम्भ में आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव किया। उन्होंने परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानन्द सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्हें भगवान शिव की मूर्ति और रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि जब बॉलीवुड जैसी लोकप्रिय इंडस्ट्री के सितारे महाकुम्भ में आते हैं, तो यह युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करता है। यह संदेश देता है कि आध्यात्मिकता केवल साधु-संतों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न अंग हो सकती है।

साध्वी भगवती सरस्वती जी ने कहा कि युवा पीढ़ी को यह समझना चाहिए कि अध्यात्म सिर्फ बुजुर्गों या साधु-संतों के लिए नहीं है। जब कटरीना कैफ जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियां महाकभ में आती हैं, तो यह हमारे युवाओं को अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा देता है। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे भी अपने परिवार के साथ महाकुम्भ 2025 में शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंचीं। उन्होंने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था और अध्यात्म का अनुभव किया। संगम में स्नान के बाद सोनाली बेंद्रे ने कहा कि महाकुम्भ में आकर उन्हें अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता को और करीब से महसूस किया।

नव राज्य निर्माण महासंघ ने मांगा पूर्ण राज्य, ज्ञापन सौंपा

दिल्ली से वेस्ट यूपी के सभी जिलों को जोड़े जाने की उठाई मांग, किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। नव राज्य निर्माण महासंघ के राष्ट्रीय कार्यवाह अध्यक्ष राम पाल मांडी ने प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपे ज्ञापन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दिल्ली से मिलाते हुए इसे पूर्ण राज्य घोषित किए जाने की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि उत्तर प्रदेश का आकार छोटा होना चाहिए, ऐसे में सरकार पश्चिम उत्तर प्रदेश के जनपदों को दिल्ली में मिलाकर पूर्ण राज्य का दर्जा दे या अलग राज्य अतिशीघ्र बनाने की पहल करें। उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ होने के बावजूद एक प्रदेश बनाया गया है, जबकि अमेरिका की आबादी 35 करोड़ होने पर वहां 50 राज्य हैं, जिन्हें अब 51 राज्य बनाने की तैयारी चल रही है।

प्रधानमंत्री के नाम डीएम उमेश मिश्रा को सौंपे मांग पत्र में राम पाल मांडी ने बताया कि 40 वर्षों से उत्तर प्रदेश में पश्चिम हाई कोर्ट की बैंच की मांग अधिवक्ता कर रहे है और सभी दलों के नेता समय-समय पर अधिवक्ता व जनता को झूठा आश्वासन देकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की भोली भाली जनता का वोट प्राप्त करते हुए मूर्ख बनाते हैं, लेकिन आज तक लोक सभा में हाई कोर्ट की बैंच का मामला उठाया नहीं गया, यहां तक कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के जनपद एनसीआर में शामिल होने से कोई भला होने के बजाए उल्टा नुकसान हुआ है। बदले नियमों ने वाहनों को कबाड़ बनाने के साथ ही भट्टा मालिक और कोल्हू मालिकों को मुसीबत में डाल दिया है। हालांकि एनसीआर की कोई सुविधा नहीं दिलाई गई है, जो एक तरह से जनता का उत्पीड़न ही है। नव राज्य महासंघ ने मांग की कि वेस्ट यूपी के सरकारी अस्पतालों की सरकार ने अच्छी टाईल्स व एसी, स्टील की महंगी कुर्सी जैसी सुविधाएं तो दे दी, लेकिन गंभीर मरीज आने पर यहां चिकित्सक मरीज को देखने के बजाए रेफर कर देते हैं, ऐसे में यहां पर एम्स जैसे अस्पताल की स्थापना की जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिले। इस दौरान धर्मबीर बालियान, प्रमोद शर्मा, शशि बर्मन, संतोष सिंह, शिव कुमार, सचिन, मौजपाल, राज कुमार, आलोक, खचेड़ू आदि मौजूद रहे।

शाहपुर क्षेत्र बेटी ने रजत पदक जीतकर किया नाम रोशन, गांव में स्वागत

शाहपुर, 24 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव दुल्हेरा निवासी छात्रा सविता ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता ग्रेपलिंग खेल में नीगो स्टाइल में रजत पदक हासिल किया है। छात्रा का गांव में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। क्षेत्र के गांव दुल्हेरा निवासी राजपाल शर्मा की पुत्री सविता श्री कुशाल दास विश्वविद्यालय की बीपीईएस की द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा है। यूनिवर्सिटी के कोच हरेंद्र बालियान ने बताया कि छात्रा ने महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी बरेली में 21व 22 फरवरी को आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में ग्रेपलिंग खेल में नोगी स्टाइल में 54 किग्रा भार में रजत पदक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 78 यूनिवर्सिटी के करीब 512 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की सीनियर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया था। इसके अलावा अन्य प्रतियोगिताओं में भी पदक हासिल किए है। पदक विजेता खिलाड़ी का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया तथा खिलाड़ी के पदक जीतने पर हर्ष व्यक्त किया। जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी ने कहा कि गांव की खिलाड़ी सविता ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर गांव व

क्षेत्र के साथ जनपद का नाम रोशन किया है। इस दौरान कुश्ती कोच नरेंद्र पंवार, गांव प्रधान अरविंद चौधरी, हरेंद्र बालियान, लिल्ला पहलवान, योगेश शर्मा, राजपाल शर्मा, मनोज शर्मा, चंद्रपाल सिंह, अमरपाल, संगम व जॉनी आदि उपस्थित रहे।

पशुओं का चारा खाने वाले किसानों के हालात को नहीं बदल सकते: मोदी

भागलपुर, 24 फरवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में अच्छे बीज, खाद, सिंचाई और पशुओं का बीमारी से इलाज जैसी सुविधाओं के अभाव के लिए राज्य में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए आज कहा कि पशुओं का चारा तक खा जाने वाले इन स्थितियों को कभी भी नहीं बदल सकते हैं।

श्री मोदी ने सोमवार को भागलपुर से पीएम किसान सम्मन निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करने समेत 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरूआत करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीते दशक में किसानों के कल्याण के लिए उनकी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पूरी ताकत से काम किया है। किसान को खेती के लिए अच्छे बीज चाहिए, पर्याप्त और सस्ती खाद चाहिए, किसानों को सिंचाई की सुविधा चाहिए, पशुओं का बीमारी से बचाव चाहिए और आपदा के समय नुकसान से सुरक्षा चाहिए। पहले इन सभी पहलुओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं वह इन स्थितियों को कभी भी नहीं बदल सकते। राजग सरकार ने स्थिति को बदला है। बीते वर्षों में हमने सैकड़ों आधुनिक किस्म के बीज किसानों को दिए। पहले यूरिया के लिए किसान लाठी खाता था और यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज किसानों को पर्याप्त खाद मिलता है। सरकार ने कोरोना के महासंकट में भी किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी। उन्होंने कहा कि यदि राजग सरकार न होती तो क्या होता। अगर राजग सरकार न होती तो आज भी किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती। आज भी बरौनी खाद कारखाना बंद पड़ा होता। श्री मोदी ने कहा कि दुनिया के अनेक देशों में खाद की बोरी जो तीन हजार रुपये की मिल रही है वह आज हम किसानों को तीन सौ रुपये से भी कम में देते हैं।

सवर्ण आर्मी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, सौंपा गया ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। सवर्ण आर्मी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने तथा सवर्ण समाज के सत्याग्रहियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज करते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की। मुख्यमंत्री के नाम डीएम उमेश मिश्रा को सौंपे ज्ञापन में सवर्ण आर्मी पदाधिकारियों ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराए जाने की मांग की।सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए सवर्ण आर्मी के उक्त कार्यकर्ताओं ने जिला संयोजक ठा. अंकित चौहान के नेतृत्व में डीएम उमेश मिश्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा। सवर्ण आर्मी ने शासन-प्रशासन से प्रतापगढ़ के महेशगंज थाना अंतर्गत ग्राम बोधी पुरवा निवासी बिंदेश्वरी प्रसाद की 14 वर्षीय पुत्री को गांव के ही अंकुश सरोज गोल द्वारा अपहरण किए जाने के मामले में शिकायत के 2 महीने बाद भी पुलिस द्वारा लड़की बरामद नहीं किए जाने और दोषियों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही न होने पर रोष व्यक्त किया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय न मिला तो आंदोलन को विवश होंगे। सवर्ण आर्मी कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण धरना दे रहे ठाकुर शिवम सिंह समेत 27 नामजद व 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज करने की घटना की निंदा करते हुए इसे वापस लिए जाने एवं पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की।

अंत पर समाजवादी को याद आता है धर्म: योगी

लखनऊ, 24 फरवरी (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि समाजवादी जब अंतिम पायदान पर खड़ा होता है तो उसे धर्म की याद आती है। बजट सत्र के पांचवें दिन महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुये उन्होने नेता प्रतिपक्ष पर तंज कसा और कहा ह्व अच्छा लगा कि आपने महाकुम्भ, सनातन परंपरा व अयोध्या धाम को स्वीकार किया। समाजवादी जब अंतिम पायदान पर खड़ा होता है तो उसे धर्म की याद आती है। नेता प्रतिपक्ष को इस बारे में आपत्ति थी कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में और राज्यपाल के अभिभाषण में महाकुम्भ को वैश्विक स्तर का आयोजन बनाने का उल्लेख क्यों किया और उस प्रकार की व्यवस्था क्यों नहीं की।

महाशिवरात्रि पर अलमासपुर से निकलेगी महादेव की बारात, मंडी में होगा भव्य स्वागत

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। महाशिवरात्रि पर्व पर चलो अमरनाथ शिव सेवक ट्रस्ट की ओर से भगवान महादेव की भव्य बारात निकाली जाएगी। इस संबंध में सोमवार को अलमासपुर स्थित श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में मीडिया से वार्ता करते हुए देशपाल व अनिमेष सैनी ने बताया कि मंदिर प्रांगण से शुरू होने वाली श्री शिव बारात मंदिर प्रांगण से पूजा अर्चना के बाद नई मंडी के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस अलमासपुर चौराहा से मंदिर पहुंचेगी। श्री मंदिर समिति पदाधिकारी विनोद कुमार व मनोज कुमार ने बताया कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर महादेव जी की भव्य बारात का आयोजन किया जा रहा है जो मन्दिर से प्रातः 12 बजे से आरम्भ होकर नई मंडी क्षेत्र के मुख्य मार्ग कूकड़ा ब्लॉक, बालाजी रोड, पोस्ट ऑफिस, गुलशनराय धर्मशाला, बिजलीघर, गऊशाला रोड, माड़ी की धर्मशाला, पीठ बाजार, मंडी थाना, टिकैत चौक, एटूजेड रोड, परिक्रमा मार्ग, अलमासपुर चौराहा से होते हुए मन्दिर पर ही समापन होगा। समिति सचिव सूरज प्रताप एड. व प्रदीप कुमार ने बताया कि चलो अमरनाथ शिव सेवक ट्रस्ट द्वारा इस बार 7 झांकी, बैंड, 7 डीजे, भगवान महादेव का रथ यात्रा में सम्मिलित होंगे। वहीं उज्जैन की तरह बारात में महाकाल जी की पालकी यात्रा और अघोरी यात्रा का आयोजन किया जायेगा तथा मंदिर को रंग बिरंगी लाईट-झालर से भव्य रूप से सजाया जायेगा। इस दौरान सुरेश सैनी, दीपक चौधरी, संदीप मित्तल, दिनेश पाल, महेश सैनी, नवीन ऐरन, संजीव पाल, इन्द्रपाल सैनी, भारत भूषण, सतीश कुमार, रमेश पाल, सतीश सैनी, मनोज, गौरव, नरेश पालिवाल, अंशुल, जय कुमार, मयंक शर्मा, गणेश प्रसाद, रजत सैनी, सहेन्द्र सैनी, विपिन, सुबोध, सतीश पाल, रवि सिरोही, सुनील पंवार, रोहित, विकास पाल, डॉ. कृष्ण पाल, डॉ. सन्तराम, सुरेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

गंगा स्नान करते दो दोस्त डूबे, मौत से मचा कोहराम

फरूर्खाबाद, 24 फरवरी (एजेंसी)। घर से बिना बताए अपने छोटे भाइयों के साथ गंगा नहाने गए दो छात्र डूब गए। करीब दो घंटे के प्रयास के बाद गोताखोरों ने दोनों को गंगा से बाहर निकाला। एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल लाया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला गुरुद्वारा निवासी स्व. जगवीर का पुत्र आर्यन राठौर (15) अपने छोटे भाई सुशांत (12) और दोस्त शीशमबाग निवासी धर्मेंद्र का पुत्र देवांश दिवाकर (15), उसके भाई आयुष (12) के साथ पांचाल घाट गंगा नहाने दोपहर में पहुंचे। आर्यन और देवांश कक्षा नौ के छात्र थे। दोनों ही अपने भाइयों को किनारे खड़ा करके पैंटून पुल के उत्तरी ओर जाकर गंगा में नहाने लगे। अचानक दोनों डूबने लगे। चीख-पुकार सुनकर आसपास गोताखोरों ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सूचना मिलने पर परिजन भी घाट पर पहुंचे। काफी प्रयास के बाद गोताखोरों ने दोनों को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें लोहिया अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। आर्यन के नाना राजवीर सिंह ने बताया कि दामाद की मौत के बाद से बेटी सुषमा और दोनों बच्चे उनके पास ही रह रहे थे। वही उन्हें पढ़ा रहे थे। सुबह टिफिन लेकर घर से गए थे।

तकनीक में मास्टर कुलभूषण जीवन के तनाव से हारे, कर ली आत्महत्या

बिजनौर, 24 फरवरी (एजेंसी)। नजीबाबाद के छोटे से गांव आलोपुर से निकलकर कुलभूषण ने आईआईटी रुड़की से तकनीकी में मास्टर डिग्री हासिल की। फिर यूएस

प्लास्टिक के ड्रम बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग, दमकल की गाड़ियां मौके पर

सोनीपत, 24 फरवरी (एजेंसी)। सोनीपत के गांव रामनगर स्थित एसआर प्लास्ट्रोड्रम फैक्टरी में अचानक भीषण आग लग गई। सुबह करीब साढ़े छह बजे लगी आग के बाद आसमान में धुएं का गुबार उठ रहा है। आग पर काबू पाने के लिए सोनीपत, गन्नौर, बड़ी व कुंडली औद्योगिक क्षेत्र से अग्निशमन विभाग की नौ गाड़ियां पहुंची हैं। फैक्टरी में प्लास्टिक के ड्रम बनाने का काम किया जाता है। प्लास्टिक के ड्रम व केमिकल होने के चलते आग पर काबू पाने में परेशानी आ रही है। गांव रामनगर के पास स्थित एसआर प्लास्ट्रोड्रम फैक्टरी में सुबह आग लग गई। फैक्टरी के अंदर दो प्लांट लगे है। जिसमें एक प्लांट में प्लास्टिक के ड्रम व बाल्टी बनाए जाते हैं और दूसरे में ड्रम व बाल्टी पर प्रिंटिंग की जाती है। सोमवार सुबह साढ़े छह बजे बजे अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम को सूचना दी गई। आरोप है कि सूचना देने के काफी देर बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। आग से फैक्टरी मालिक को भारी नुकसान हुआ है। एक प्लांट पूरी तरह से जल गया। प्रिंटिंग प्लांट में भी आग पहुंच गई है। जिसे काबू करने का प्रयास जारी है। मामले की सूचना के बाद बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम लोगों को फैक्टरी से दूर रखने में मदद कर रही है। आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। फैक्टरी में लगी आग के बाद आसमान में धुएं का गुबार उठ गया। लोग आसमान में दिख रहे धुएं के चलते कंपनी की तरफ दौड़ पड़े। वहां लोगों का जमावड़ा लगने लगा तो पुलिस ने उन्हें हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

अमेरिका से डिपोर्ट हुए भारतीयों के केस में अमृतसर के 40 ट्रैवल एजेंटों के लाइसेंस रद्द

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसी)। अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे भारतीय नागरिकों के मामले में पंजाब सरकार ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। अमृतसर प्रशासन ने सोमवार को इस मामले में बड़ा कदम उठाते हुए 40 ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई की है। अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे भारतीय नागरिकों के मामले में पंजाब सरकार ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। अमृतसर प्रशासन ने सोमवार को इस मामले में बड़ा कदम उठाते हुए 40 ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रशासन ने इन एजेंटों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं, जिससे अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले नेटवर्क पर शिकंजा कसने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। रविवार शाम, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (नई दिल्ली) पर एक विशेष विमान ने पनामा से 12 भारतीय नागरिकों को लेकर लैंड किया। यह पनामा से स्वदेश लौटने वाले भारतीयों का पहला जत्था था। इससे पहले, अमेरिका ने 332 अवैध अप्रवासी भारतीयों को निर्वासित किया था, जो गैरकानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई शुरू करने के बाद, हाल के हफ्तों में तीन विशेष विमानों के जरिए कई अवैध भारतीय प्रवासियों को अमेरिका से स्वदेश लाया गया है। अब तक कुल 332 भारतीय नागरिकों को अमेरिका से निर्वासित कर भारत भेजा जा चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका में अभी भी लाखों भारतीय अवैध रूप से रह रहे हैं, और यह निर्वासन अभियान आने वाले महीनों में भी जारी रह सकता है।

नोएडा में दुनिया के सबसे बड़ा इलेक्ट्रिकल शो इलेक्रामा शुरू

नोएडा, 24 फरवरी (एजेंसी)। ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में विश्व का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिकल शो 'इलेक्रामा 2025' शुरू हो गया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसका उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 22 से 26 फरवरी तक चलेगी। एक्सपो में आम जनता की एंट्री फ्री है। इलेक्रामा एक्सपो में एक हजार से अधिक प्रदर्शक हिस्सा लेने आ रहे है। इसके साथ ही 80 देशों के विदेशी खरीददारों के आने की उम्मीद जताई जा रही है। भारत में ऊर्जा का भविष्य बहुत अच्छा: केंद्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने में ऊर्जा क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा को 500 गीगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य है। अगर हम सब मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर के आगे बढ़ते हैं तो ये लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहेगा। इस यात्रा को जारी रखने के लिए हमको अपनी उत्पादक क्षमता बढानी होगी। वहीं, ईमा के अध्यक्ष सुनील सिंघवी ने बताया कि इलेक्रामा एक्सपो में करीब 75 देशों से लोग भाग ले रहे है। 1100 एग्जिबिटर्स भी आए हैं। यह एग्ज़िबिशन दुनिया का सबसे बड़ा है। इसमें कई नई तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में नवीकरणीय ऊर्जा, नेट जीरो और ऊर्जा दक्षता से जुड़े प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए जा रहे हैं। यह स्टार्टअप्स को अपने नए विचार पेश करने का मंच भी प्रदान कर रहा है।

मिजार्पुर में तेलंगाना का यात्री वाहन खड़े ट्रक से भिड़ा, चार की मौत

मिजार्पुर, 24 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन हादसे का शिकार हो गया। हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज से वाराणसी लौटते समय तेलंगाना का एक यात्री वाहन सड़क किनारे खड़ा ट्रक से टकरा गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा शनिवार देर रात लालगंज-मिजार्पुर रोड पर तुलसी गांव स्थित किसान ढाबा के पास हुआ। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के यात्रियों का वाहन प्रयागराज से संगम स्नान कर लौट रहा था। वाहन की रफ्तार तेज थी। वाहन बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक, एडिशनल एसपी और थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लालगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मिजार्पुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के चित्र (44), विशाल (20), वेंकट रेड्डी (40) और माल रेड्डी (40) ने दम तोड़ दिया। वहीं, हादसे में घायल मोतीला (40)संगारेड्डी, तेलंगाना, वीरेंद्र कुमार (32) शंभूपुरा, वाराणसी और राहुल (26) वाराणसी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की खबर मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

रामा मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग की छात्रा ने फेल होने पर लगाई फांसी, मौत

कानपुर, 24 फरवरी (एजेंसी)। बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामा मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। छात्रा को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार देर रात छात्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया और परिजन कॉलेज प्रशासन पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए अड़ गए। पिता का आरोप है कि बीस हजार रुपये के लिए आधे नंबर से बेटी को फेल किया गया। कॉलेज के रसूख के चलते पुलिस पर कारार्वाई नहीं करने का आरोप भी उनके द्वारा लगाया गया। पुलिस के अनुसार आरती सचान पुत्री जय करण सचान निवासी दामोदर नगर थाना बर्रा उम्र 21 वर्ष रामा मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग फाइनल ईयर की छात्रा थी, शनिवार दोपहर 1 बजे के करीब उसने कमरे में पंखे में फांसी लगा ली। आसपास मौजूद लोगों ने उसे फौरन नीचे उतार लिया, जिससे उसकी जान बच गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक एग्जाम मे फेल हो जाने के कारण वह डिप्रेस्ड हो गयी थी, जिसके बाद उसने आत्महत्या का प्रयास किया। घटना की सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए हैं, जहां छात्रा की रविवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। छात्रा के पिता ने गंभीर आरोप लगाते हुए मौत की जांच कराये जाने की मांग की है।

शत्रु संपत्ति खुर्दबुर्द केस में आजम खां परिवार को मिली राहत

रामपुर, 24 फरवरी (एजेंसी)। शत्रु संपत्ति की जमीन के रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के मामले में सपा नेता आजम खां की पत्नी तजीन फात्मा और बड़े बेटे अदीब आजम व उनकी बहन निकहत अखलाक सोमवार को कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने अब पांच मार्च तक के लिए अंतरिम जमानत स्वीकार कर ली है। शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में रिकॉर्ड रूम के सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में नौ मई 2020 को लखनऊ के पीरपुर हाउस निवासी सैयद आफाक अहमद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में हेराफेरी करने का आरोप है। दरअसल, यह मामला मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी परिसर के अंतर्गत आने वाली भूमि का है। जो इमामुद्दीन कुरैशी पुत्र बदरुद्दीन कुरैशी के नाम दर्ज थी।

जबलपुर में महाकुंभ से लौट रहे 8 श्रद्धालुओं की मौत, तीन घायल

जबलपुर, 24 फरवरी (एजेंसी)। जिले में रविवार सुबह दो अलग-अलग सड़क हादसों में 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहला हादसा जबलपुर-कटनी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-30) पर खितौला थाना क्षेत्र के पहरेवा गांव के पास हुआ, जहां श्रद्धालुओं से भरी एक तूफान गाड़ी अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड में जाकर सामने से आ रही बस से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

हादसे का शिकार हुए सभी श्रद्धालु कर्नाटक के बेलगावी जिले के गोकक कस्बे के रहने वाले थे और प्रयागराज में कुंभ स्नान करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। हादसे में विरुपाक्षी गुमटी, बासवराज कुराती, बालचंद्र, राजू, इरणां और सुनील बालचंद्र की मौत हो गई। वहीं, सदाशिव और मुस्तफा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सीहोरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही जबलपुर के कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासन ने क्रेनों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर हाईवे पर यातायात बहाल कराया। दूसरा हादसा अंधमुख बाईपास के पास हुआ, जहां सुल्तानपुर से महाकुंभ के लिए प्रयागराज जा रही एक कार MP 04 ED 9540 सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। जिसमें कार चालक सहित दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में बैठी एक महिला को गंभीर चोटें आई है, जिन्हें इलाज के लिए जबलपुर के मेडिकल अस्पताल में 108 की मदद से भर्ती कराया गया है। इस हादसे में कार सवार अश्वनी चौधरी और सौरभ सेन की मौत हो गई, जबकि वर्षा पटेल घायल हो गईं।

बोल बम के जयघोष के बीच भक्तिमय होने लगा शहर

▶ शिवचौक पर परिक्रमा के बाद आगे बढ़ रहे शिवभक्त कांवड़िए ▶ डिवाईडर पर बेरिकेडिंग कर रोका यातायात

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। बोल-बम, बम-बम के जयघोष के जनपद का नेशनल हाईवे और अन्य संपर्क मार्ग अब पूरी तरह इन दिनों भगवा रंग में रंगने लगा है। देवभूमि हरिद्वार से मां गंगा का पवित्र जल लेकर जनपद से होकर अपने गंतव्य की ओर जाने वाले तमाम कांवड़िए इस बीच जोश और उत्साह के बीच आस्था के महाकुंभ में बाबा की कृपा पाने को भक्ति भाव के साथ गुजर रहे हैं। इन शिवभक्त कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार से नगर में प्रवेश करते हुए शिव चौक से होकर गुजरने की खातिर जोश में रहता है। शिवचौक पर बाबा की परिक्रमा करने के बाद आगे गंतव्य की ओर बढ़ता है। इस बीच नगर में आकर्षक झांकी से सुसज्जित कांवड़ भी अब लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। उधर, नगर सीमा में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न कांवड़ यात्रा को संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कच्ची सड़क मदीना चौक से मीनाक्षी चौक तक वन-वे मार्ग करते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग पर अगले तीन दिनों तक ई-रिक्शा का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। आगामी बुधवार को देशभर के साथ जनपद में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर नगर के हृदयस्थल शिवचौक पर भक्तों के जलाभिषेक किए जाने के मद्देनजर जिला प्रशासन के साथ श्री शिवमूर्ति संचालन मंडल भी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा है। महाशिवरात्रि पर शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक के लिए इस बीच हरिद्वारधाम से गंगाजल लेकर आने का क्रम शुरू हो गए हैं।

शिवचौक के अलावा इन्हीं व्यवस्थाओं के बीच कांवड़िये देहरादून-दिल्ली हाईवे और गंग नहर पटरी से अपने गंतव्य को निकल रहे हैं। इन दिनों कांवड़ मार्ग बम-बम भोले, जय शिव शंकर के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा जहां रूट डायवर्जन किया गया है। इसके साथ कांवड़ियों को मार्ग में कोई परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारी क्षेत्र में पहुंच कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। पैदल कांवड़ियों का जत्था बम-बम भोले के जयघोष करते हुए अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर रहा हैं। जनपद से गुजरने वाले इन शिवभक्त कावड़ियों द्वारा शिव चौक की परिक्रमा करने के बाद यहां से शामली रोड, बुढ़ाना रोड, भोपा रोड, जानसठ रोड और मेरठ रोड की ओर अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। इसके साथ सुरक्षा एवं किसी भी अनहोनी की आशंकाओं के बीच अधिकारी हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि कांवड़ यात्रा जनपद में निर्विघ्न संपन्न हो सके।

एडीएम ई ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा, दिए जरुरी निर्देश

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल व सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर शिवभक्तों का काफिला तेजी से बढ़ता जा रहा है। जनपद में कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने सोमवार को जानसठ रोड पर शिवभक्त कांवड़ियों की बढ़ती संख्या के बीच उक्त मार्ग का निरीक्षण किया और यहां पर संचालित कांवड़ सेवा शिविर संचालकों से व्यवस्थाओं के बारे में वार्ता की। उन्होंने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कारणों से शिविर संचालकों को साफ-सफाई, शौचालय, शुद्ध पेयजल समेत अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं को सुचारू रूप से सुदृढ़ रखने के लिए भी निर्देशित किया।

दिल्ली मुख्यमंत्री कार्यालय से अम्बेडकर और भगत सिंह की फोटो हटाई : आतिशी

नेता विपक्ष के आरोपों के बाद विधानसभा में हुआ जोरदार हंगामा, भाजपा ने आरोप नकारे

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा सत्र के पहले ही दिन सदन में जबरदस्त हंगामा हो रहा है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सत्तापक्ष पर आरोप लगाए। आतिशी के आरोपों का समर्थन करते हुए आम आदमी पार्टी के विधायकों ने विधानसभा में जोरदार नारेबाजी की है।

नेता प्रतिपक्ष आतिशी दिल्ली विधानसभा में विजेंद्र गुप्ता को शुभकामनाएं देने के लिए खड़ी हुई हैं। विजेंद्र गुप्ता को दिल्ली विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर आतिशी ने बोलना शुरू किया और कहा कि अध्यक्ष महोदय एक बात कहूंगी कि स्पीकर होने के नाते दिल्ली विधानसभा में दलित विरोधी एक्शन विरोधी एक्शन हुआ है। अपने बयान में आतिशी ने कहा- 'मैं पिछली विधानसभा में साथी रहे और नेता प्रतिपक्ष रहे विजेंद्र गुप्ता जी, जो विधानसभा के स्पीकर बने हैं, उन्हें मैं अपने सभी साथियों की तरफ से बधाई देती हूं। विजेंद्र गुप्ता ने नेता प्रतिपक्ष रहते हुए विधानसभा में लोगों के मुद्दे उठाए और मजबूती से उठाए। आज आपको अध्यक्ष बनने पर बहुत बहुत बधाई।' इसके बाद आतिशी ने आरोप लगाए- 'मुख्यमंत्री कार्यालय से बाबासाहेब अंबेडकर, भगत सिंह की तस्वीर हटा दी गई है। ये दिखाता है कि बीजेपी की दलित और सिख विरोधी मानसिकता है।' आतिशी के आरोपों के बाद स्पीकर विजेंद्रः गुप्ता ने नेता प्रतिपक्ष को रोका और मनजिंदर सिंह सिरसा को बोलने का मौका दिया। हालांकि इस दौरान विपक्षी पार्टी अअढ की तरफ से विधानसभा में हंगामा शुरू कर दिया गया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि ये जो समय है, ये शिष्टाचार संबोधन का मौका है। इस मौके को राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए था।' हंगामे को लेकर विजेंद्र गुप्ता ने आतिशी के व्यवहार की निंदा की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा- 'अराजकता पूर्ण व्यवहार निंदनीय है। सदन के पहले दिन कार्रवाई शुरू होते हैं इस तरीके का व्यवहार आम आदमी पार्टी के सदस्य उनको शोभा नहीं देता है। ये बहुत गलत है और नियमों का उल्लंघन है। सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई जा रही है।' उन्होंने कहा कि विपक्ष का गैर जिम्मेदार पूर्ण रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड सहित कई राज्यों में भारी बारिश के आसार

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 25 फरवरी से मौसम के मिजाज में फिर बदलाव होने जा रहा है। इन राज्यों के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी के साथ मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है। वहीं, पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश को छोड़कर असम समेत सभी राज्यों में हल्की बारिश हो सकती है। रविवार को भी उत्तर पश्चिम भारत से लेकर पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत तक कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई और हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि उत्तरी ईरान और आसपास के क्षेत्र में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके प्रभाव से उत्तर पश्चिम भारत में मौसम में बदलाव आएगा। 25 से 28 फरवरी के दौरान जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, 26 से 28 फरवरी के दौरान हिमाचल प्रदेश और 27 व 28 फरवरी को उत्तराखंड में भारी बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। 26 फरवरी से 1 मार्च के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इसके अलावा पूर्वी हवाओं के सक्रिय होने से 25 और 26 फरवरी को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह भी कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। उधर, आईएमडी की तरफ से रविवार सुबह 8:30 बजे जारी बुलेटिन के अनुसार, बीते 24 घंटे में अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर बारिश हुई। पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा और झारखंड में भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्य वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, तटीय कर्नाटक और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में तेज गरज के साथ बारिश हुई और हवाएं भी चलीं। कुछ स्थानों पर बिजली गिरने की भी सूचना है।

बदमाशों ने शराब ठेके के दो सेल्समैन से 1.34 लाख लूटे

शामली, 24 फरवरी (एजेंसी)। झिंझाना में ऊन क्षेत्र में देर रात्रि चार हथियारबंद बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। बझेड़ी और गागोर के बीच ईंट भट्ठे के पास बदमाशों ने शराब ठेके के दो सेलमेनों को घेर लिया और पिस्टल के बल पर 1.34 लाख रुपये लूट लिए। वारदात के बाद बदमाश भाग गए। पीड़ित विशाल पुत्र प्रकाश सिंह, निवासी खेड़ी खुशनाम और रामकुमार पुत्र जीवन, निवासी गढ़ी हसनपुर ऊन के शराब ठेके पर सेल्समैन हैं। ठेके से रविवार देर रात अपनी बाइको से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे बझेड़ी और गागोर के बीच पहुंचे, ईख के खेत से चार बदमाश अचानक निकले और उन पर हमला बोल दिया। एक बदमाश ने पिस्टल तानकर बाइक रुकवाई, जबकि तीन अन्य ने उन्हें घेर लिया। विशाल से 87 हजार रुपये और रामकुमार से 47 हजार रुपये लूट लिए। मोबाइल फोन तोड़ दिए ताकि वे पुलिस को सूचना न दे सकें। बाइकों को लॉक कर ईख के खेत में फेंक दिया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश वापस ईख के खेत में घुस गए और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही 112 पुलिस और ऊन चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई । पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और संभावित सुरगों की तलाश की जाएगी। एसपी रामसेवक गौतम ने जल्द मामले का खुलासा करने की बात कही है।

तीसरी आंख की निगरानी में जिले के 72 केंद्रों पर परीक्षा शुरू

▶ पहले दिन 2,585 ने छोड़ी हाईस्कूल-इंटरमीडिएट परीक्षा ▶ अफसरों के साथ सचल दल भ्रमण कर परखते रहे व्यवस्था ▶ जीआईसी को बनाया कंट्रोल रूम, 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी

हौसले को सलाम
एक ओर बोर्ड परीक्षाओं 2585 छात्रों ने छोड़ दी वहीं दूसरी ओर दोनों पैर टूटने के बाद भी एक छात्र शिक्षा के प्रति सजग दिखा। ऐसे छात्र के हौसले को सलाम।

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से प्रदेशभर के साथ जिले में भी शुरू हो गईं। सुरक्षा कारणों एवं परीक्षा को नकलविहीन एवं निर्विघ्न संपन्न कराने की दिशा में शुरू तैयारियों के बीच जनपद के 72 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों एवं पुलिस के कड़े पहरे के बीच मुख्य गेट पर ही जांच पड़ताल और तलाशी के बाद इन परीक्षार्थियों को प्रवेश दिलाया गया। पहले दिन पहली पाली में हाईस्कूल की हिंदी का पेपर सुबह साढ़े 8 बजे से शुरू हआ। वहीं दोपहर 2 बजे से दूसरी पाली की परीक्षा में भी मुख्य रूप से इंटरमीडिएट का हिंदी का पेपर रहा। परीक्षा केन्द्रों से निकले परीक्षार्थियों के चेहरों पर विजयी मुस्कान दिखाई दी। हाईस्कूल के 1592 और इंटरमीडिएट के 1083 परीक्षार्थियों ने किन्हीं कारणों से परीक्षा छोड़ दी।

माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। पहली पाली में हाईस्कूल में हिंदी का पेपर हुआ। इस बीच जनपद समेत प्रदेशभर में कहीं से भी नकल करने या किसी प्रकार की अव्यवस्था से जुड़ी कोई भी खबर नहीं आई। जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए चयनित 72 परीक्षा केंद्रों पर कुल 57,721 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिनमें से हाईस्कूल के 29,574 तथा इंटरमीडिएट के कुल 28,147 परीक्षार्थियों ने पूर्व में पंजीकरण कराया हुआ है। बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने जिले को पांच जोन में बांटते हुए सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र में जोनल मजिस्ट्रेट बनाया है। इसके अलावा सैक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा सचल दल भी तैनात किए हैं। सोमवार सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ इन परीक्षा केन्द्रों पर उमड़ पड़ी। सुबह 7:30 बजे से छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे। 8:30 बजे तक परीक्षा केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लग गईं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से कड़े इंतजाम करते हुए प्रवेश द्वार पर शिक्षकों द्वारा गहन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर बाहरी व्यक्तियों का इस बीच प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहा। परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल के छात्रों की हिंदी विषय की परीक्षा हुई, जिसमें बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद से संपन्न परीक्षा में सचल दल भी लगातार केंद्रों पर नजर बनाए रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य विभागीय व प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा को सही तरीके से संपन्न कराने के लिए भ्रमणशील रहे। केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी के लिए राजकीय इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय है। रात में प्रत्येक परीक्षा केंद्र की निगरानी के लिये टीम गठित की गई। डीआईओएस ने बताया केंद्र पर तमाम बच्चों के बैठने, शौचालय, रोल नंबर चस्पा करने से लेकर बोर्ड परीक्षाओं से जुड़ी सभी तैयारियां पूर्ण हैं। बोर्ड परीक्षा देकर निकले कुछेक परीक्षार्थियों ने बताया कि हाईस्कूल में आया पेपर बहुत ही आसान था। कठिन प्रश्न नहीं पूछे गए। प्रश्नों को घुमा-फिराकर पूछने के बजाय इस बार उन्हें सीधे व सरल तरीके से पूछा गया। हालांकि कुछ परीक्षार्थियों ने इसे मॉडरेट बोला लेकिन ज्यादातर छात्रों के अनुसार, पेपर आसान से मध्यम था, और अच्छे नंबर कवर करने की उम्मीद है।

हिंदू संघर्ष समिति की टीम लव जिहाद प्रकरण में पहुंची चरथावल थाने

मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी (बु.)। कस्बा चरथावल में 10 वर्ष पहले हिन्दू समाज की नाबालिक युवती को लव जिहाद के जाल में फंसाकर मुस्लिम समाज में कराई थी शादी व धर्मान्तरण। हिंदू संघर्ष समिति संयोजक नरेंद्र सिंह पंवार के नेतृत्व में दर्जनों हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने चरथावल थाने पर पहुंचकर थाना प्रभारी जसवीर सिंह को पूरे प्रकरण से अवगत कराया और हिंदू नाबालिक युवती का धर्मांतरण कराने वाले लोगों के खिलाफ सख्त करवाही की मांग की। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद बजरंग दल के जिलाध्यक्ष देशराज चौहान,धीर सिंह पुंडीर, संघर्ष समिति के अध्यक्ष अंकुर राणा, भ्रष्टाचार निवारक समिति के जिलाध्यक्ष मनोज पाटिल, छत्रपति शिवाजी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चित आर्य, गौरव चौहान, शहीद भगत सिंह एकता मंच के जिलाध्यक्ष पवन मित्तल, विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, संदीप धीमान, डॉ. प्रवीण कश्यप एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हुई प्यार की जीतः शाहपुर कस्बा चौकी पर विवाह के बंधन में बंधा प्रेमी युगल

चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र श्योराण एवं समाजसेवी अरविंद पाल बने मेहमान

शाहपुर, 24 फरवरी (बु.)। गांव पुरबालियान के निवासी साक्षी पाल का शाहपुर निवासी अंकित पाल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, लेकिन परिजनों को इसकी भनक नहीं थी। परिजनों ने साक्षी की शादी शाहपुर क्षेत्र के ही गांव पलड़ी में कर दी थी। 6 फरवरी को साक्षी की सगाई भी हो गई थी, लेकिन अंकित के प्यार में पागल साक्षी घर छोड़कर अंकित के पास आ गई। इसी बीच ससुराल पक्ष को उसकी सगाई की अंगूठी भी लौटा दी। आज देर रात 11:00 बजे शाहपुर कस्बा चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र श्योराण ने अंकित के साथ साक्षी का सहमति से वरमाला पहनाकर विवाह की रस अदायगी कराई। उन्होंने दूल्हा दुल्हन को शगुन भी दिया। समाजसेवी अरविंद पाल भी इस प्यार की जीत के साक्षी बने और अंकित एवं साक्षी को आशीर्वाद दिया तथा शगुन भेंट किया।

महाकुंभ में लगाई डुबकी